कार्यालय, प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय(स्वशासी)यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय
(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, मेनिट के पीछे,भोपाल 462003)
Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com दूरभाष क्रं. –0755–2970354

## (स्थानीय महाविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों हेतु भोजन/नाश्ता की आपूर्ति हेतु ई–निविदा के नियम एवं शर्ते)

हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल में उपयोग होने वाली आवश्यक भोजन/नाश्ता की आपूर्ति हेतु ई–निविदा प्रकिया के अंतर्गत निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध है। निविदा प्रस्तुत करने के नियम निर्देश एवं शर्ते महाविद्यालय की वेबसाइट www.gumcbhopal.in पर भी प्रदर्शित हैं।

1. ई–निविदा प्रपत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 09.10.2024 को सायं 05.00 बजे तक है। निविदा खोले जाने की तिथि 10.10.2024 दोपहर 12.00 बजे है।
2. ई–निविदा बिड दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं हैं।
3. इच्छुक ई–निविदाकर्ता ऑनलाइन mptenders.gov.in से ई–निविदा राशि रू. 1000/– का भुगतान कर सकते हैं, जिसको mptenders.gov.in पर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा पृथक–पृथक ऑनलाईन सबमिट की जाना है।
4. ई.एम.डी.राशि रूपये 2000.00 शब्दों में (दौ हजार रूपये मात्र) जिसे ई–पेमेन्ट के माध्यम से mptenders.gov.in पर tender सबमिट करते समय पेमेन्ट करना होगा। ई.एम.डी.राशि सफल निविदाकार को अनुबंध होने पर नियमानुसार वापस की जावेगी, शेष निविदाकारों की ई.एम.डी.राशि mptenders.gov.in के माध्यम से लौटा दी जावेगी। सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि (अनुबंध राशि के 3 प्रतिशत राशि तक) बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से महाविद्यालय में जमा करना होगी। निष्पादन प्रतिपूर्ति राशि बिना ब्याज के अनुबंध समाप्त होने पर वापस लौटा दी जावेगी। म.प्र.के लघु उद्यम तथा स्टॉटअप को ई.एम.डी. राशि के भुगतान में छूट रहेगी। ई.एम.डी.राशि छूट प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में अपलोड करना अनिवार्य है।
5. अनुबंधित फर्म को उचित गुणवत्ता की भोजन/नाश्ता की आपूर्ति अनिवार्य है। इस हेतु कोई भाड़ा/हम्माली पृथक से देय नहीं होगी।
6. वित्तीय निविदा प्रपत्र–02 अनुसार दरें https://mptenders.gov.in पर ई–निविदा की एक्सल शीट BOQ में ही अंकित करना है।
7. भोजन/नाश्ता सामग्री आपूर्ति को व्यवहारिक एवं आसान किये जाने हेतु ई वित्तीय निविदा का प्रपत्र –02 अनुसार सामग्री की दरों में सकल (Aggregate) दर अनुसार एल–1 को निर्धारित किया जा सकेगा।
8. किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तथा नियम शर्तों का पालन न करने पर अथवा सन्तोषजनक सेवा न पाये जाने पर अनुबंध तत्काल निरस्त कर दिये जावेगें एवं सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी। ऐसी स्थिति में जमा निष्पादन प्रतिभूति की राशि राजसात कर ली जावेगी, तथा संबंधित फर्म पर ब्लैक लिस्टिंग की कार्यवाही की जावेगी, एवं सामग्री की आपूर्ति हेतु एल–02 फर्म से अनुबंध किया जायेगा।

18/09/2024 18/9/24 18/9/24 18/9/24

Scanned with CamScanner

9. सफल निविदाकार से किया गया अनुबंध 01 वर्ष की अवधि तक के लिये मान्य होगा।
10. ई–निविदा स्वीकार होने पर सफल निविदाकार को एक अनुबंध राशि रूपये 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिसका व्यय निविदाकार को वहन करना होगा।
11. निविदा मे सम्मिलित होने वाली फर्म को वर्तमान मे प्रचलित खाद्य संरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंर्तगत खाद्य विभाग से जारी पंजीयन के तहत पंजीकृत होने पर ही निविदा में सम्मिलित होने योग्य माना जावेगा अन्यथा निविदाकार की उक्त निविदा पर विचार नही किया जाकर निरस्त कर दी जावेगी ।
12. सफल ई–निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि के रूप में विगत वित्तीय वर्ष के आंकलन के आधार पर 03 प्रतिशत तक की राशि जमा करनी होगी।
13. निविदाकर्ता फर्म भोपाल नगर निगम सीमा में स्थापित होना चाहिये जिसका गुमास्ता तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
14. निविदाकर्ता के पास स्वयं अथवा फर्म का पैन नंबर होना चाहिये जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
15. निविदाकर्ता के पास जी.एस.टी. नम्बर होना आवश्यक है जिसकी प्रतिलिपि तकनीकी निविदा के अभिलेखों के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।
16. निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2023–24 का टर्न ओवर न्यूनतम 05 लाख होना आवश्यक है, जिसके साक्ष्य के रूप में वित्तीय वर्ष 2023–24 की आयकर विवरणी की प्रति, बैलेंस शीट, लाभ–हानि पत्रक/चाटेर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा प्रमाणित तकनीकी निविदा के दस्तावेजों के साथ अपलोड करना आवश्यक है।
17. निविदाकर्ता द्वारा कार्यादेश का कुछ भाग या पूर्ण भाग अन्य किसी ठेकेदार/व्यक्ति को नहीं सौंपेगा यदि किसी निविदाकर्ता द्वारा किसी अन्य फर्म/व्यक्ति को कार्य सौंपा जाता है, या कार्य कराता पाया जाता है तो उसका अनुबंध समाप्त कर फर्म को Black listed किया जायेगा।
18. आवेदनकर्ता फर्म प्रदेश के किसी भी शासकीय संस्था से ब्लैक लिस्टेड नहीं होनी चाहिए। यदि जानकारी प्राप्त होती है, तो निष्पादन प्रतिभूति राशि राजसात कर संबंधित फर्म की निविदा/अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा। ब्लैक लिस्टेड न होने का घोषणा/शपथ पत्र राशि रू. 100.00 एक सौ मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
19. ई–निविदा खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके प्रतिनिधि (अधिकृत पत्र प्रस्तुत करने पर) शामिल हो सकते हैं।
20. ई–निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार प्रधानाचार्य को होगा, जो सभी को मान्य एवं बंधनकारी होगा।
21. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा, इसका पालन करना होगा।
22. ई–तकनीकी निविदा में जो दस्तावेज अपलोड किये हैं, उन दस्तावेजो की सत्यापित प्रति का 01 सेट ई–तकनीकी निविदा खोलते समय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
23. अन्य कोई शर्त आवश्यकता पड़ने पर मान्य करना होगी।

18/09/2024 18/9/24 18/9/24 18/9/24

Scanned with CamScanner

24. ई–तकनीकी निविदा का विश्लेषण करते समय केवल वांछित दस्तावेजों (चैक लिस्ट के अनुसार) को ही विचार क्षेत्र में लिया जावेगा।

25. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।

प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन
शासकीय(स्वशासी) यूनानी चिकित्सा
महाविद्यालय, भोपाल।

18/9/24 18/9/24 18/9/24 18/9/24

Scanned with CamScanner

हकीम सैयद ज़ियाउल हसन,शासकीय(स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल

( भोजन/नाश्ता सामग्री के स्थानीय क्रय हेतु निविदा का प्रारूप )

(ई–वित्तीय निविदा का प्रपत्र–02)

| S.No | Item Name | Rate | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tea 90 ml | | |
| 2 | Coffee 100 ml | | |
| 3 | Samosa/Kachori/Alubada 70g | | |
| 4 | Nariyal Pani 200 ml | | |
| 5 | Lassi 200 ml | | |
| 6 | Matha 500 ml | | |
| 7 | Milk 500 ml | | |
| 8 | Bhojan Thali (Sadi) | | |
| 9 | Bhojan Thali (Special) | | |
| 10 | Bhojan Thali (Deluxe) | | |
| 11 | Refreshment Pack<br>(samosa, buiscuit 30 gm, sweet piece, 125 ml frooti, 100 ml water bottle and chips packet 10 gm) | | |
| 12 | Bufe system (upto 100 Person)<br>With tent and catering service<br>Menu (Roti,Pudi,Subji seasonal,Paneer sabji,Daal,Sweet,Raita,Achar,Papad, Rice,Namkeen puri,Pani<br>**Rate Per Plate** | | |
| 13 | Bufe system (Min 100 upto 500 Person)<br>With Tent and catering service<br>Menu (Roti,Pudi,Subji seasonal,Paneer sabji,Daal,Sweet,Raita,Achar,Papad, Rice,Namkeen puri,Pani<br>**Rate Per Plate** | | |
| 14 | Brunch Refreshment (upto 100 Person)<br>With catering service<br>Menu (samosa,Tea,bisket, water bottle and chips<br>**Rate Per Plate** | | |
| 15 | Water Bottle 1000 ml | | |
| 16 | Water Bottle 500 ml | | |
| 17 | Water Bottle 200 ml | | |
| 18 | Kaju Rosted 100 gm | | |
| 19 | Almond Rosted 100 gm | | |
| 20 | Makhana Rosted 100 gm | | |
| 21 | Pista Rosted 100 gm | | |
| 22 | Cookies Biscuit 100gm | | |
| 23 | All in one Namkeen 100gm | | |
| 24 | Khaman Dhokla 100 gm | | |
| 25 | Idli Vada Sambhar 02 piece | | |
| 26 | Tent Per Square Feet | | |
| 27 | Carpet Per Square Feet | | |
| 28 | Plastic Chair Per Piece | | |
| 29 | Plastic Chair With cover Per Piece | | |

18/09/24 18/9/24 18/9/24 18/9/24

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 | Ececutive Chair Per Piece | | |
| 31 | Center Table Per Piece | | |
| 32 | Sofa 02 Seater Per Piece | | |
| 33 | Sofa 03 Seater Per Piece | | |
| 34 | RO Water Campur 15 Ltr Per Piece | | |
| 34 | Disposable Paper Glass pack of 100 | | |
| 35 | Disposable Paper Nasta Plate pack of 100 | | |

नोट–उक्त प्रपत्र प्रारूप मात्र है इस प्रपत्र के अनुसार दर राशि को ई–वित्तीय निविदा ऑनलाइन www.mptender.gov.in पर तकनीकी निविदा की एक्सल शीट BOQ में ही दर्ज करना है।

18/09/2024 18/9/24 18/9/24

प्रपत्र–03

## //शपथ –पत्र //

मैं ..........................................................................पिता श्री......................
....................................निवासी ...............................................................................
.......................................................उम्र ........... वर्ष शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि ह.सै.जि.ह.शा. यूनानी महाविद्यालय में संपादित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों हेतु भोजन सामग्री/नाश्ता सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा में दी गई समस्त शर्तो का पूर्ण होशो–हवास में अध्ययन कर लिया है जिसकी समस्त शर्ते मुझे मान्य है। एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त दस्तावेज वैधानिक हैं एवं किसी भी शासकीय संस्था द्वारा मेंरी फर्म को ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। निविदा की शर्तो का पालन नहीं करने एवं मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज त्रुटिपूर्ण पाये जाने की स्थिति में यदि मेरी निविदा/अनुबंध निरस्त की जाती है, तो मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही होगी।

गवाह/साक्षी के हस्ताक्षर ..................
गवाह/साक्षी का नाम ........................
मोबाइल नं0 ............................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ....................
निविदाकर्ता का नाम .........................
मोबाइल नं0 ........................................

**नोट** :– उक्त शपथ पत्र राशि रु 100.00 एक सौ मात्र के नॉन ज्युडीशियल स्टांप पर नोटराइज कराकर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

Scanned with CamScanner

# //चैक–लिस्ट//

उपरोक्त वर्णित नियम शर्तो अनुसार निम्न दस्तावेजो को तकनीकी निविदा प्रपत्र 01 अनुसार सबमिट करते समय आवश्यक रुप से संलग्न किया जाना है :–

| क्र | दस्तावेज का नाम | संलग्न हॉ/नहीं |
|---|---|---|
| 01 | जीवित गुमास्ता संबधित कार्य का होना आवश्यक है जिसकी छाया प्रति | |
| 02 | पैन कार्ड की छाया प्रति | |
| 03 | जी.एस.टी.पंजीयन पत्र की प्रति<br>(जी.एस.टी.जमा सम्बंधी विगत 02 वित्तीय वर्षो का ऑनलाईन पत्रक तकनीकी निविदा के दस्तावेजों के साथ संलग्न करना अनिवार्य है) | |
| 04 | निविदाकर्ता फर्म का वित्तीय वर्ष 2023–24 का टर्न ओवर न्यूनतम 05 लाख होना आवश्यक है जिसके साक्ष्य के रुप में विगत तीन वित्तीय वर्षो की आयकर विवरणी, लाभ–हानि पत्रक चार्टर्ड एकाउंटेन्ट द्वारा प्रमाणित | |
| 05 | ई.एम.डी.राशि की ई–प्रिंटेड प्रति<br>(प्रधानाचार्य हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय/स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के नाम से)<br>अथवा एम.एस.एम.ई. पंजीयन प्रमाण पत्र | |
| 06 | निविदाकार फर्म किसी शासकीय/अशासकीय/अर्धशासकीय संस्था द्वारा ब्लैक लिस्ट नही होना चाहिऐ इस हेतु शपथ पत्र की प्रति | |
| 07 | खाद्य संरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंर्तगत खाद्य विभाग से जारी पंजीयन की प्रति | |
| 08 | प्रपत्र–03 अनुसार शपथ पत्र की प्रति | |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर ...................................

निविदाकर्ता का नाम ..........................................

मोबाइल नं0 ..........................................................

नोट :–चैक लिस्ट के सरल क्र – 01 से 08 तक के अभिलेखों के आधार पर ही तकनीकी निविदा का विश्लेषण किया जावेगा इन्ही अभिलेखों के आधार पर तकनीकी निविदा मान्य/अमान्य की जायेगी इनके अतिरिक्त किन्ही अन्य अभिलेखों को विचार क्षेत्र में नहीं लिया जावेगा ।

18/9/24 18/9/24 18/9/24 18/9/24

Scanned with CamScanner